>

Title: Need to open Industrial and commercial set ups in Madhubani, Bihar.

श्री अशोक कुमार यादव (मधुबनी): अध्यक्ष महोदय, मैं पहली बार लोक सभा के लिए निर्वाचित हुआ हूं । आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं ।

महोदय, जहां से मैं निर्वाचित हुआ हूं – मधुबनी लोक सभा क्षेत्र में रोजगार का कोई साधन नहीं है । वहां रोजगार का एक ही साधन है – कृषि, और लोग कृषि पर आधारित हैं । आज़ादी के इतने वर्षों बाद भी वहां कोई औद्योगिक संस्थान नहीं हैं । वहां जो भी चीनी मिलें थीं – रैय्याम, लोहट, सकरी आदि सभी बन्द हैं । पंडोल में एक सूती मिल थी, वह भी बन्द पड़ी है । दरभंगा में अशोक पेपर मिल थी, वह भी बन्द पड़ी है । वहां के नौजवानों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है । वहां पर व्यापार एवं उद्योग की अपार संभावनाएं हैं ।

महोदय, मैं सरकार से मांग करता हूं कि वहां पर विभिन्न क्षेत्रों में, खासकर आम, मखाना और चीनी पर आधारित औद्योगिक एवं व्यावसायिक संस्थान खोले जाएं ।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री अशोक कुमार यादव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।